कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 29.08.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
खेल दिवस का आयोजन
खेल परंपराओं के सम्मान का दिन है

शास डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रीड़ा विभाग के तत्वाधान में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न आयोजन किये गये। इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ धाविका एवं उत्कृष्ट खिलाड़ी का सम्मान समारोह एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण आयोजित किया गया।

महाविद्यालय की क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर निबंध एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। ‘‘खेल मैदान से दूर होते बच्चे’’ विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में 45 छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें बी.एससी. द्वितीय वर्ष की कु. वेदकुमारी ने प्रथम तथा बी.ए. द्वितीय वर्ष की कु. लक्ष्मी देशमुख द्वितीय एवं बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की चंचल यादव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

खेल पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 30 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें बी.ए. द्वितीय वर्ष की कु. विद्या प्रथम स्थान पर रहीं तथा कु. करिश्मा हिडका एवं कु. कावेरी कुम्भकार ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ धाविका का पुरस्कार कु. प्रियंका साहू एवं बास्केटबाल में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने वाली कु. विद्या को स्मृति चिन्ह तथा नगद राशि से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि आज का दिन खेल परम्पराओं के सम्मान का दिन है। मेजर ध्यानचंद के प्रेरणादायक जीवन वृत्त से युवा पीढ़ी को सीख लेनी चाहिये।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने मेजर ध्यानचंद के जीवन से संबंधित प्रेरणादायक संस्मरणों की चर्चा करते हुए खेल दिवस के महत्व को रेखांकित किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य ने पुरस्कार वितरण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राओं के साथ ही महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. सुषमा यादव, डॉ. ऋचा ठाकुर, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, श्रीमती ज्योति भरणे, श्री जागृत ठाकुर, कु. मधु पाण्डेय एवं कु. मालती उपस्थित रहें।

अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. ऋचा ठाकुर ने किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
गर्ल्स कॉलेज में
खेल दिवस का आयोजन
खेल परंपराओं के सम्मान का दिन है